**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
-------

## उप-राष्ट्रपति का राजभवन में स्वागत

लखनऊ: 5 अप्रैल, 2019

उप-राष्ट्रपति एम0 वेंकैया नायडू के राजभवन आगमन पर उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उप-राष्ट्रपति आज लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान में कार्डिओलॉजिकल सोसायटी आफ इण्डिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने आये थे।

कार्यक्रम के उपरान्त उप-राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू को राज्यपाल राम नाईक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, मुख्य सचिव डॉ0 अनूप चन्द्र पाण्डेय सहित अन्य विशिष्टजनों ने चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर विदाई दी।

------

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (131/7)







